भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1991

23 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न

मंत्रालय में पदों की समाप्ति

1991. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत एक दशक के दौरान स्थायी नियुक्तियों के लिए मंत्रालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इनमें से कितनी परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित नहीं किए गए हैं;

(ग) इनमें से कितनी परीक्षाओं को विगत पांच वर्षों में निरस्त कर दिया गया है; और

(घ) पिछले एक दशक के दौरान मंत्रालय द्वारा कितने पदों को समाप्त कर दिया गया है और कितने पदों को समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): वर्ष 2015 में 4 (चार) कैन्टीन परिचारकों के नियमित आधार पर चयन हेतु खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग में एक परीक्षा आयोजित की गई थी।

(ख): ऐसी कोई परीक्षा नहीं है जिसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है।

(ग): पिछले पाँच वर्षों के दौरान कोई परीक्षा निरस्त नहीं की गई है।

(घ): पिछले एक दशक के दौरान मंत्रालय द्वारा समाप्त किए गए पदों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	समाप्त किए गए पदों की सं.	पद का नाम
2012	2	कनिष्ठ सचिवालय सहायक
2015	4	कैन्टीन परिचारक
2017	34	वरिष्ठ सचिवालय सहायक
2021	8	वरिष्ठ सचिवालय सहायक
कुल	48	

किसी भी पद को समाप्त करने की प्रकिया नहीं चल रही है।

*****